## Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 14/11/2024 |
| Exam Time | 12:30 PM - 2:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक पुस्तक को ₹348 में बेचने पर एक दुकानदार को 13% की हानि होती है। 22% लाभ प्राप्त करने के लिए, उसे वह पुस्तक ________ में बेचनी होगी।

**Ans** A). ₹379 B). ₹488 C). ₹424 D). ₹369

**Correct Answer: B**

**Q.2** एक नाव स्थिर जल में 13 km/h की चाल से यात्रा कर सकती है। यदि धारा की चाल 4 km/h है, तो नाव को धारा के अनुकूल 68 km जाने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 5 घंटे B). 4 घंटे C). 3 घंटे D). 6 घंटे

**Correct Answer: B**

**Q.3** यदि कोई वस्तु ₹19,125 और ₹14,625 पर बेची जाए तो लाभ और हानि की राशि समान होगी। यदि वस्तु को ₹19,125 में बेचा जाए, तो लाभ का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $11\frac{3}{4}\%$ B). $12\frac{1}{4}\%$ C). $13\frac{1}{3}\%$ D). $12\%$

**Correct Answer: C**

**Q.4** वह वार्षिक ब्याज दर क्या है, जिस पर कोई धनराशि साधारण ब्याज पर 20 वर्षों में स्वयं की तीन गुना हो जाएगी?

**Ans** A). 12% B). 6% C). 10% D). 8%

**Correct Answer: C**

**Q.5** राकेश पहले 320 km की दूरी रेलगाड़ी से 80 km/hr की चाल से तय करता है और फिर अगले 250 km की दूरी बस से 50 km/hr की चाल से तय करता है। यात्रा के विभिन्न साधनों को बदलने में लगने वाले समय (buffer time) की उपेक्षा करते हुए, उसकी यात्रा की औसत चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $63\frac{1}{3}$ B). $61\frac{1}{2}$ C). $69$ D). $60\frac{1}{4}$


**Correct Answer: A**

**Q.6** एक ठोस बेलन के आधार की त्रिज्या, और ऊंचाई का योग 96 मीटर है। यदि बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 12672 $m^2$ है, तो बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन क्रमशः कितना होगा ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग करें)?

**Ans** A). 9900 $m^2$, 103950 $m^3$ B). 8600 $m^2$, 105850 $m^3$ C). 7660 $m^2$, 93990 $m^3$ D). 9500 $m^2$, 113550 $m^3$

**Correct Answer: A**

**Q.7** निम्नलिखित आरेख पाँच विनिर्माताओं P, Q, R, S और T से वर्ष 2020 और 2021 के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटरों (हजार में) के उत्पादन को दर्शाता है।




वर्ष 2021 में सभी विनिर्माताओं का कुल उत्पादन, वर्ष 2020 में सभी विनिर्माताओं के कुल उत्पादन से कितने प्रतिशत अधिक (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) है?

**Ans** A). 29% B). 42% C). 31% D). 38%

**Correct Answer: C**

---

**Q.8** $\frac{1}{6}, \frac{4}{15}, \frac{5}{9}, \frac{7}{27}, \frac{8}{3}$ का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM ) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $92\frac{2}{3}$ B). $93\frac{1}{3}$ C). $93\frac{2}{3}$ D). $92\frac{1}{3}$

**Correct Answer: B**

---

**Q.9** ₹84 प्रति kg और ₹96 प्रति kg मूल्य के चावल को तीसरी किस्म के चावल के साथ 1 : 1 : 2 के अनुपात में मिलाया जाता है। यदि मिश्रण का मूल्य ₹99 प्रति kg है, तो तीसरी किस्म के चावल का मूल्य प्रति kg कितना है?

**Ans** A). ₹110 B). ₹108 C). ₹115 D). ₹112

**Correct Answer: B**

---

**Q.10** छः संख्याओं का औसत 30 है। यदि उनमें से एक संख्या को हटा दिया जाए, तो औसत 28 हो जाता है। हटाई गई संख्या ज्ञात करें।

**Ans** A). 40 B). 36 C). 35 D). 30

**Correct Answer: A**

---

**Q.11** एक गोलाकार विज्ञापन गुब्बारे से 24 क्यूबिक फीट प्रति मिनट की दर से हवा रिस रही है। यदि गुब्बारे की त्रिज्या 8 फीट है, तो गुब्बारे को खाली होने में कितना समय लगेगा? अपने उत्तर को निकटतम मिनट में दें। π के अनुमानित मान, जो कि 3.14 है का उपयोग करें।

**Ans** A). 94 मिनट B). 80 मिनट C). 65 मिनट D). 89 मिनट

**Correct Answer: D**

---

**Q.12** 25 व्यक्तियों की औसत आय ₹2,400 है और अन्य 20 व्यक्तियों की औसत आय ₹1,500 है। उन सभी की एक साथ मिलाकर औसत आय कितनी है?

**Ans** A). ₹2,150 B). ₹1,950 C). ₹2,100 D). ₹2,000

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** एक दुकानदार सामान्यतः 40% की छूट देता है। सीजन खत्म होने (off season) से पहले अपनी बिक्री बढ़ाने के लिए, वह एक विशिष्ट तिथि तक 4% की अतिरिक्त छूट की घोषणा करता है। एक ग्राहक को ₹500 अंकित मूल्य की वस्तु पर कितनी अतिरिक्त छूट (₹ में) मिलेगी?

**Ans** A). ₹11 B). ₹19 C). ₹12 D). ₹15

**Correct Answer: C**

**Q.14** स्टील के एक खोखले अर्धगोलाकार कटोरे में, $\frac{686}{3}\pi$ घन इकाई द्रव रखा जा सकता है। इसकी बाह्य त्रिज्या 9 इकाई है। इस कटोरे को बनाने में कितना स्टील इस्तेमाल होगा?

**Ans** A). $\frac{433}{3}\pi$ घन इकाई B). $\frac{727}{3}\pi$ घन इकाई C). $\frac{772}{3}\pi$ घन इकाई D). $\frac{343}{3}\pi$ घन इकाई

**Correct Answer: C**

**Q.15** यदि दो संख्याओं के योग का 45%, दोनों संख्याओं के बीच के अंतर के 60% के बराबर है, तो सबसे छोटी संख्या और सबसे बड़ी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 3 : 4 B). 1 : 7 C). 4 : 3 D). 7 : 1

**Correct Answer: B**

**Q.16** एक मानचित्र को 1:250 के पैमाने पर दर्शाया गया है। मानचित्र पर दो शहर 6.5 km दूर हैं। उनके बीच की वास्तविक दूरी ज्ञात करें।

**Ans** A). 1000 km B). 1625 km C). 1200 km D). 1250 km

**Correct Answer: B**

**Q.17** निम्न तालिका में हिंदी, अंग्रेजी और गणित में चार छात्रों के अंक (100 में से) दिए गए हैं। तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

| छात्र/विषय | हिंदी | अंग्रेजी | गणित |
|---|---|---|---|
| मुकेश | 75 | 80 | 95 |
| शिवम | 80 | 75 | 90 |
| सौम्या | 70 | 65 | 85 |
| शिल्पी | 80 | 70 | 81 |

दिए गए तीन विषयों में शिल्पी द्वारा प्राप्त कुल प्रतिशत अंक कितने हैं?

**Ans** A). 77% B). 80% C). 78% D). 79%

**Correct Answer: A**

**Q.18** किस राशि (₹ में) पर 8% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 3 वर्षों में ₹360 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 750 B). 2000 C). 1500 D). 3000

**Correct Answer: C**

**Q.19** 4 वर्षों के लिए 4% प्रति वर्ष की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 440 B). 420 C). 520 D). 480

**Correct Answer: D**

**Q.20** 20, 40, 60, 80, 100, 120 और 140 का औसत कितना है?

**Ans** A). 80 B). 85 C). 90 D). 70

**Correct Answer: A**

## Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**

**Q.1** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।


कथन:
- सभी हाथ, पैर हैं।
- कुछ हाथ, आँखें हैं।

निष्कर्ष (I): सभी पैर, हाथ हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ पैर, आँखें हैं।


**Ans** A). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है B). निष्कर्ष I और II, दोनों अनुसरण करते हैं C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है


**Correct Answer: C**


Q.2 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





Ans

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: D**

Q.3 M, N, O, P, Q, R और S एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P, N के दाएँ से चौथे स्थान पर बैठा है। Q, O के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। M, Q के ठीक दाएँ बैठा है। R, N के ठीक दाएँ बैठा है। S के बाएँ से गिनने पर P और S के बीच में कितने लोग बैठे हैं?

Ans A). 1 B). 2 C). 3 D). 4

**Correct Answer: A**

Q.4 एक निश्चित कूट भाषा में, 'shreya goes to temple' को 'ci bi di fi' लिखा जाता है और 'veer might visit temple' को 'ti fi ji vi' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'temple' को कैसे लिखा जाएगा?

Ans A). ci B). ji C). fi D). ti

**Correct Answer: C**

Q.5 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
CHK, GKO, ? , OQW, STA

Ans A). KNS B). LOT C). KNT D). LOS

**Correct Answer: A**

Q.6 A, B, C, L, M, Y और X एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। C, M के बाएं से चौथे स्थान पर बैठा है। L के बाएं से गिनती करने पर L और Y के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। Y के बाएं से गिनती करने पर Y और X के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। A के दाएं से गिनती करने पर A और Y के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B के दाएं से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans A). L B). A C). X D). C

**Correct Answer: B**

Q.7 यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
16 − 4 × 2 ÷ 3 + 6 = ?

Ans A). 24 B). 8 C). 16 D). 12

**Correct Answer: C**

Q.8 एक निश्चित कूटभाषा में, 'use the force' को 'gp sb cn' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'force is strong' को 'hv sk gp' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'force' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans A). cn B). gp C). sk D). hv

**Correct Answer: B**


Q.9 दी गई शृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4, 7, 11, 18, 29, 47, 76, ?, 199


Ans A). 127 B). 125 C). 123 D). 130


**Correct Answer: C**


**Q.10** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति को चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है और पैटर्न को पूरा कर सकती है।





**Ans**

A). 


B). 


C). 


D). 


**Correct Answer: D**

---

**Q.11** RQ 45 एक निश्चित प्रकार से TS 50 से संबंधित है। उसी प्रकार UX 19, WZ 24 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए CF 68 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). NV 37 B). ST 55 C). EH 73 D). NT 45

**Correct Answer: C**

---

**Q.12** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CREATE' को '84' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FLOP' को '56' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'PURPOSEFULLY' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 142 B). 117 C). 168 D). 170

**Correct Answer: C**

---


**Q.13** एक निश्चित कूट भाषा में, 'he played well' को 'yt pu jk' लिखा जाता है और 'well in manner' को 'pu nt cr' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'well' को कैसे लिखा जाएगा?

**Ans** A). yt B). cr C). jk D). pu


**Correct Answer: D**


---


**Q.14** उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




**Ans**

A). 


B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: C**

**Q.15** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।




**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: D**

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष इन कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी शेर, चीते हैं।
कुछ चीते, बाघ हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ बाघ, चीते नहीं हैं।
(II) सभी चीते, शेर हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है D). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**Correct Answer: A**

**Q.17** दिए गए समीकरण को संतुलित करने के लिए किन दो संख्याओं को आपस में बदला जाना चाहिए?
28 − 4 × 5 + 36 ÷ 9 + 2 × 3 = 53
(नोट: अदला-बदली पूरी संख्या की होनी चाहिए, न कि दी गई संख्या के अलग-अलग अंकों की)

**Ans** A). 2 और 9 B). 5 और 3 C). 28 और 36 D). 4 और 9

**Correct Answer: A**

**Q.18** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 192 का संबंध 38 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 270 का संबंध 51 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 258 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 41 B). 49 C). 46 D). 43

**Correct Answer: B**

**Q.19** NKBI अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से PIDG से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार SMFG, UKHE से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UPQR निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). YGBF B). TRDW C). WRSD D). WNSP

**Correct Answer: D**

**Q.20** उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(1, 16, 5)
(2, 19, 7)

**Ans** A). (6, 40, 3) B). (8, 22, 4) C). (5, 20, 6) D). (3, 35, 5)

**Correct Answer: B**

Section : **General Awareness**

**Q.1** 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकांड की जाँच के लिए निम्नलिखित में से किस आयोग की स्थापना की गई थी?

**Ans** A). पील कमीशन B). सैडलर कमीशन C). साइमन कमीशन D). हंटर कमीशन

**Correct Answer: D**

**Q.2** राज्य के नीति निदेशक तत्वों को देश के शासन में मौलिक माना जाता है, लेकिन ये किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं। इस अवधारणा का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?

Ans A). अनुच्छेद 38 B). अनुच्छेद 37 C). अनुच्छेद 49 D). अनुच्छेद 32

Correct Answer: B

**Q.3** भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाले केंद्र शासित प्रदेश का नाम बताइए।

Ans A). दमन और दीव B). लक्षद्वीप C). नई दिल्ली D). अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

Correct Answer: D

**Q.4** वेटिंग फ़ॉर अ वीज़ा (Waiting for a Visa)', ________________ की 20 पेज की आत्मकथा है।

Ans A). महात्मा गाँधी B). सरदार वल्लभभाई पटेल C). जवाहर लाल नेहरू D). डॉ. भीम राव अंबेडकर

Correct Answer: D

**Q.5** शैवाल-झींगा-मछली-पक्षी की खाद्य-शृंखला में, यदि पक्षी स्तर पर उपलब्ध ऊर्जा 4 kJ हो, तो झींगा स्तर पर उपलब्ध ऊर्जा ____________ होगी।

Ans A). 0.04 kJ B). 4000 kJ C). 4 kJ D). 400 kJ

Correct Answer: D

**Q.6** **उस पिंड का त्वरण ($m/s^2$ में) ज्ञात कीजिए जो 2 सेकंड में 5 m/s से 10 m/s तक त्वरित हो जाती है।**

Ans A). 10 $m/sec^2$ B). 7.5 $m/sec^2$ C). 2.5 $m/sec^2$ D). 5 $m/sec^2$

Correct Answer: C

**Q.7** सर्वोच्च पद्म पुरस्कार, पद्म विभूषण पाने वाली पहली भारतीय महिला नृत्यांगना कौन हैं?

Ans A). संजुक्ता पाणिग्रही (Sanjukta Panigrahi) B). माधवी मुद्गल (Madhavi Mudgal) C). सोनल मानसिंह (Sonal Mansingh) D). शोभा नायडू (Shobha Naidu)

Correct Answer: C

**Q.8** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में सभापति और उप-सभापति (स्पीकर और डिप्टी स्पीकर) की अनुपस्थिति में सदन की अध्यक्षता कौन करता है?

Ans A). सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश B). मनोनीत सभापति C). प्रधानमंत्री D). राष्ट्रपति

Correct Answer: B

**Q.9** बाल गंगाधर तिलक के होम रूल लीग आंदोलन (Home Rule League Movement) का आधार, निम्नलिखित में से किसे छोड़कर कर्नाटक और महाराष्ट्र में था ?

Ans A). बरार B). पूना C). बॉम्बे D). नागपुर

Correct Answer: C

**Q.10** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत में एक कृत्रिम बंदरगाह है?

Ans A). दीनदयाल बंदरगाह B). कोलकाता बंदरगाह C). मुंबई बंदरगाह D). चेन्नई बंदरगाह

Correct Answer: D

**Q.11** हुसैन इब्न अली की मृत्यु की याद में कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?

Ans A). मुहर्रम B). मीलाद उन-नबी C). ईद उल-फ़ित्र D). शब-ए-बारात

Correct Answer: A

**Q.12** जाने-माने वॉलीबॉल खिलाड़ी जिमी जॉर्ज (Jimmy George) भारत के किस राज्य से थे?

Ans A). ओडिशा B). तेलंगाना C). महाराष्ट्र D). केरल

Correct Answer: D

**Q.13** ________ पोलो क्लब, वर्ष 1880 में शुरू हुए दुनिया के सबसे पुराने पोलो टुर्नामेंट, एजरा कप प्रतियोगिता (Ezra Cup event) का गढ़ (home) है।

Ans A). दिल्ली B). हैदराबाद C). कलकत्ता D). जयपुर

Correct Answer: C

**Q.14** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में लिंगानुपात सबसे अधिक है?

Ans A). दमन और दीव B). लक्षद्वीप C). पुदुचेरी D). चंडीगढ़

Correct Answer: C

**Q.15** निम्नलिखित में से दिल्ली के किस सुल्तान ने कृषि के विकास के लिए एक नए विभाग दीवान-ए-अमीर-कोही (Diwan-i-Amir-Kohi) की स्थापना की थी?

Ans A). गयासुद्दीन बलबन B). मुहम्मद बिन तुगलक C). अलाउद्दीन खिलजी D). शमसुद्दीन इल्तुतमिश

Correct Answer: B

**Q.16** निम्नलिखित में से कौन-सा बौद्ध पुजारियों का निवास स्थान है?

Ans A). विहार B). स्तंभ C). स्तूप D). चैत्य

Correct Answer: A

**Q.17** केंद्र सरकार द्वारा परिकल्पित राष्ट्रीय सिविल सेवा क्षमता विकास कार्यक्रम (National Programme for Civil Services Capacity Building - NPCSCB) को ____________ कहा जाता है।

Ans A). सेवा निधि स्कीम (Seva Nidhi Scheme) B). सहकार मित्र स्कीम (Sahakar Mitra Scheme) C). मिशन कर्मयोगी (Mission Karmayogi) D). सीड स्कीम (Seed Scheme)

Correct Answer: C

**Q.18** **मैकल पहाड़ियों (Maikal hills) में निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज भंडार है?**

**Ans** A). कॉपर B). लोहा C). बॉक्साइट D). कोयला **Correct Answer: C**

**Q.19** **निम्नलिखित में से किसमें सबसे बड़ी पृथक एकल कोशिका (isolated single cell) होती है?**

**Ans** A). अमीबा B). मानव मस्तिष्क C). ब्लू व्हेल D). शुतुरमुर्ग का अंडा **Correct Answer: D**

**Q.20** **निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय आय समुच्चय (national income aggregates) को आमतौर पर देश की राष्ट्रीय आय के रूप में मान्यता दी गई है?**

**Ans** A). कारक लागत पर सकल घरेलू उत्पाद B). बाजार मूल्यों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद C). कारक लागत पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद D). बाजार मूल्यों पर निवल राष्ट्रीय उत्पाद **Correct Answer: C**

**Q.21** **असम की प्रख्यात संगीतकार श्रेया भट्टाचार्जी निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र की वादक हैं?**

**Ans** A). तबला B). सितार C). बांसुरी D). वायलिन **Correct Answer: A**

**Q.22** **पुलकेशिन द्वितीय निम्नलिखित में से किस राजवंश का प्रसिद्ध शासक था?**

**Ans** A). गौड़ B). वाकाटक C). मैत्रक D). चालुक्य **Correct Answer: D**

**Q.23** **जून 2023 में निम्नलिखित में से किसे, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (Geological Survey of India - GSI) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है?**

**Ans** A). अजय यादव B). अश्वनी कुमार C). अमरेंदु प्रकाश D). जनार्दन प्रसाद **Correct Answer: D**

**Q.24** **मौसिनराम (Mawsynram) में, विश्व भर में सर्वाधिक औसत वार्षिक वर्षा होती है। यह किस पहाड़ी पर स्थित है?**

**Ans** A). मैकल पहाड़ियाँ B). खासी पहाड़ियाँ C). जयंतिया पहाड़ियाँ D). गारो पहाड़ियाँ **Correct Answer: B**

**Q.25** **निम्नलिखित में से कौन-सी नृत्य शैली, नृत्य के माध्यम से एक नाटक का प्रदर्शन करती है जिसमें गीत पारंपरिक रूप से मणिप्रवालम भाषा (Manipravala language) में होता है?**

**Ans** A). कुचिपुड़ी B). सत्रिया C). मोहिनीअट्टम D). कथक **Correct Answer: C**

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** **Select the most appropriate option to substitute the underlined idiom/phrase in the given sentence.**
**The salesman informed the customers that if they had any questions, they could <u>drop a line</u>.**

**Ans** A). call his secretary B). come back with the items C). complain against him D). send a brief letter **Correct Answer: D**

**Q.2** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**His business was so successful that Mark was able to _________ at the age of 50.**

**Ans** A). admit B). give up C). succeed D). retire **Correct Answer: D**

**Q.3** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Please bring some milk from ______ refrigerator in the kitchen.**

**Ans** A). the B). an C). No article required D). a **Correct Answer: A**

**Q.4** **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**

**She told me / her name but / I'm not remembering / it now.**

**Ans** A). She told me B). it now C). I'm not remembering D). her name but **Correct Answer: C**

**Q.5** **Select the option that will improve the underlined part of the given sentence.**

**<u>Just when they reach</u> the airport, the flight had departed from the runway.**

**Ans** A). Just they reach B). Just before they reached C). After they just reach D). Just when they have reached **Correct Answer: B**

**Q.6** **Select the option with the correct spelling to replace the underlined word in the given sentence.**

**As the roller coaster reached its highest point, a surge of <u>addrenalline</u> coursed through her veins, making her heart race with excitement.**

**Ans** A). adreneline B). adrenaline C). adrennaline D). adrineline **Correct Answer: B**

**Q.7** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**Tara has been playing / cricket with her friends / since noon.**

**Ans** A). No error B). Tara has been playing C). Cricket with her friends D). Since noon

**Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the most appropriate ANTONYM of the highlighted word.**

**As long as I live, I shall be obliged to my Uncle.**

**Ans** A). grateful B). pleased C). thankless D). indebted

**Correct Answer: C**

**Q.9** **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**

**A person who is mentally ill**

**Ans** A). Psychologist B). Lunatic C). Psychiatrist D). Mercenary

**Correct Answer: B**

**Q.10** **Select the most appropriate phrase to replace the underlined word.**

**She is feeling unwell today, so she will not be going to work.**

**Ans** A). under the weather B). face like thunder C). head in the clouds D). chase rainbows

**Correct Answer: A**

**Q.11** **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**I had never saw/ such a sight/ before I visited Switzerland.**

**Ans** A). such a sight B). I had never saw C). No error D). before I visited Switzerland.

**Correct Answer: B**

**Q.12** **Select the most appropriate synonym of the underlined word.**

**The company's new product received affirmative feedback from customers.**

**Ans** A). reflective B). critical C). detailed D). positive

**Correct Answer: D**

**Q.13** **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**
**He bought strange vintage car on auction from the customs department.**

**Ans** A). from the customs department B). on auction C). He bought D). strange vintage car

**Correct Answer: D**

**Q.14** **Select the option that rectifies the underlined spelling error.**

**The permisible limit of vehicle speed has been increased in India by the Road Transport Corporation.**

**Ans** A). permissible B). permisibble C). parmissible D). parmitted

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Though Amal took continuous medication, he was not able to ________________ his injury.**

**Ans** A). heel B). hill C). heal D). hail

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Sathish remained unwavering in the face of the assaulting gang, standing as resolute as ________.**

**Ans** A). stall B). steel C). steal D). still

**Correct Answer: B**

**Q.17** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**
**Wine glass is very fragile. you must handle it with care.**

**Ans** A). Resilient B). Rough C). Sturdy D). Delicate

**Correct Answer: D**

**Q.18** **The following sentence has been split into four parts. Identify the part that contains a grammatical error.**

**Surprisingly!/ dark chocolates/ are most bitterer/ in taste.**

**Ans** A). in taste. B). are most bitterer C). dark chocolates D). Surprisingly!

**Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Gentle B). Brilliant C). Hektic D). Kinetic **Correct Answer: C**

**Q.20** **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**She confided in me <u>on her anxious</u>, whispering her secrets between sips of coffee.**

**Ans** A). on her anxiousness B). about her anxious C). about her anxiety D). regarding herself's anxiousness **Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

These letters are not intended to dominate your way of thinking or to persuade you to _____ 1____ to the way the writer thinks or feels. It is really a dialogue _______ 2______ two friends talking about their problems. You must have observed the state of our society, and that there must be a ______ 3_______ transformation in the way human beings live, their relation to each other, and in every way possible. We are deeply concerned for our students. The teacher is the ______ 4______ important person in the school, for on her or him depends the future welfare of mankind. As the society is disintegrating, these schools must be centres for the regeneration _____ 5___ the mind.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). conform B). confirm C). control D). affirm **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

These letters are not intended to dominate your way of thinking or to persuade you to _____ 1____ to the way the writer thinks or feels. It is really a dialogue _______ 2______ two friends talking about their problems. You must have observed the state of our society, and that there must be a ______ 3_______ transformation in the way human beings live, their relation to each other, and in every way possible. We are deeply concerned for our students. The teacher is the ______ 4______ important person in the school, for on her or him depends the future welfare of mankind. As the society is disintegrating, these schools must be centres for the regeneration _____ 5___ the mind.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). between B). unless C). before D). behind **Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

These letters are not intended to dominate your way of thinking or to persuade you to _____ 1____ to the way the writer thinks or feels. It is really a dialogue _______ 2______ two friends talking about their problems. You must have observed the state of our society, and that there must be a ______ 3_______ transformation in the way human beings live, their relation to each other, and in every way possible. We are deeply concerned for our students. The teacher is the ______ 4______ important person in the school, for on her or him depends the future welfare of mankind. As the society is disintegrating, these schools must be centres for the regeneration _____ 5___ the mind.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). highly B). radical C). avoidable D). radial **Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

These letters are not intended to dominate your way of thinking or to persuade you to _____ 1____ to the way the writer thinks or feels. It is really a dialogue ______ 2_____ two friends talking about their problems. You must have observed the state of our society, and that there must be a _____ 3______ transformation in the way human beings live, their relation to each other, and in every way possible. We are deeply concerned for our students. The teacher is the _____ 4_____ important person in the school, for on her or him depends the future welfare of mankind. As the society is disintegrating, these schools must be centres for the regeneration ____ 5___ the mind.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24 Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). more B). much C). most D). not

**Correct Answer: C**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

These letters are not intended to dominate your way of thinking or to persuade you to _____ 1____ to the way the writer thinks or feels. It is really a dialogue ______ 2_____ two friends talking about their problems. You must have observed the state of our society, and that there must be a _____ 3______ transformation in the way human beings live, their relation to each other, and in every way possible. We are deeply concerned for our students. The teacher is the _____ 4_____ important person in the school, for on her or him depends the future welfare of mankind. As the society is disintegrating, these schools must be centres for the regeneration ____ 5___ the mind.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25 Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). off B). under C). of D). although

**Correct Answer: C**